राजधानी •
वर्ष 16 | अंक 236 | पृष्ठ : 16
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
मंगलवार, 4 दिसंबर 2018

पीपीपी मोड पर बनेगा जेवर एयरपोर्ट

कैबिनेट का फैसला : भूमि अधिग्रहण के लिए 1500 करोड़ रुपये मंजूर

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) का निर्माण पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी मिल गई। कैबिनेट ने जेवर एयरपोर्ट के निर्माण के लिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) को अधिकृत किया है। नायल को एयरपोर्ट के लिए अर्जित भूमि और उसका प्रबंधन 90 वर्षों के लिए लीज पर देने तथा विकासकर्ता के चयन के अधिकार देने की मंजूरी दी गई।

सरकारी जमीन और संपत्तियां निशुल्क दीं

जेवर एयरपोर्ट की जद में आ रही सरकारी विभागों की भूमि व संपत्तियां निशुल्क नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित करने की मंजूरी भी कैबिनेट ने दी। पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन के लिए आवश्यक राशि के अनुमोदन के लिए सीएम को अधिकृत किया गया।

एयरपोर्ट के लिए 2300 रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से 1239.1416 हेक्टेयर भूमि अधिगृहीत होगी। इसके लिए 4500 करोड़ में से 1500 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। एयरपोर्ट के लिए भूमि अर्जन के लिए 2.5% अर्जन व्यय राजस्व विभाग को भुगतान करने से भी नागरिक उड्डयन विभाग को छूट दी गई है। अर्जन व्यय की आकलित 2852 करोड़ का समायोजन करने की मंजूरी दी गई। ब्यूरो

>> ग्रेडिंग कर सुधारेंगे प्राइमरी स्कूलों की व्यवस्था : पेज 10

पुलिस का साइकिल व वर्दी नवीनीकरण भत्ता बढ़ा

लखनऊ। सरकार ने यूपी पुलिस का साइकिल और वर्दी नवीनीकरण भत्ता बढ़ा दिया है। साइकिल भत्ता दोगुना करते हुए 100 से बढ़ाकर 200 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं, वर्दी भत्ते में 500 से 750 रुपये तक की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने सोमवार को इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले से सरकार को 36.59 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। इससे 3.45 लाख कर्मियों को फायदा होगा।

- 3000 रुपये प्रति वर्ष मिलेगा पुलिस आरक्षी व समतुल्य तथा मुख्य आरक्षी व समतुल्य पदों पर कार्यरत कर्मियों को वर्दी भत्ता। अभी उन्हें 2250 रुपये मिलते हैं।
- 2000 प्रति वर्ष मिलेंगे चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को। पहले 1500 रुपये मिलते थे।